तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, शनिवार 21 जून 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 संवेदनशील ईलाके में जुआ खेलने वाले सात ...

14 पैराडाइज स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव तिलक ...


छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

मुठभेड़ : कांकेर पुलिस को फिर मिली बड़ी सफलता, मृतक नक्सली कंपनी नंबर 07 में थी सक्रिय

# जंगलों में अशांति फैलाने वाली 'शांति' को फोर्स ने किया ढेर, आठ लाख की थी इनामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

आमाटोला व कलपर के ईलाके में गश्त पर निकली फोर्स का माओवादियों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें फोर्स को एक वर्दीधारी महिला नक्सली को मार गिराने में सफलता मिली है। पुलिस वर्दीधारी महिला नक्सली शांति की रूप में पहचान हुई है, जो जंगल में अशांति फैला रही थी। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग करने पर फोर्स को थ्री नाट थ्री के साथ देशी लांचर व अन्य सामग्री भी मिली है। पुलिस की मानें तो मृतक नक्सली पर आठ लाख का ईनाम घोषित था।

- आमाटोला व कलपर के मध्य फोर्स एवं माओवदियों में हुई मुठभेड़
- मुठभेड़ स्थल से एक थ्री नाट थ्री व एक देसी लांचर भी गश्ती टीम को मिला

जानकारी के अनुसार थाना छोटेबेठिया कोटरी नदी पार के ग्राम आमाटोला व कलपर के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र में 20 जून को माओवादियों की जानकारी मिलने पर सचिँग अभियान पर डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त टीम 20 जून को रवाना हुई थी। इसी दिन सुबह आमाटोला-कलपर के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र मे संयुक्त पुलिस पार्टी और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई, यह मुठभेड़ आधा घंटे तक चली। इसके उपरांत सचिंग की गई जिसमें एक वर्दीधारी महिला माओवादी मारी गई। प्रारंभिक पहचान से यह स्पष्ट हुआ है कि मृत माओवादी की पहचान शांति उर्फ देवे, निवासी गुंडेम, जिला बीजापुर के रूप में हुई है। शांति पहले गरियाबंद क्षेत्र की गोबरा एरिया कमेटी में सक्रिय थी। बाद में वह उत्तर बस्तर डिवीजन में सक्रिय हो गई और पीएलजीए कंपनी नंबर 05 एवं कंपनी नंबर 07 से जुड़ी रही। प्रतिबंधित सीपीआई माओवादी संगठन की सक्रिय सदस्य होने के कारण सरकार द्वारा उस पर 8 लाख का इनाम घोषित किया गया था। मृत माओवादी शांति के कैडर प्रोफाइल एवं उस पर दर्ज आपराधिक प्रकरणों से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जा रही है।



### भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पट्टलिंगम ने कहा कि दंडकारण्य क्षेत्र में माओवादी हिंसा की जड़ें धीरे-धीरे कमजोर हो रही हैं। क्षेत्र में शांति बहाल करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा बल पूरी प्रतिबद्धता और साहस के साथ कार्य कर रहे हैं। भयमुक्त वातावरण की स्थापना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति अब भी उन माओवादी कैडरों के लिए खुली है जो हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में लौटना चाहते हैं। नहीं तो गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहेंगे। पिछले 18 महीनों के दौरान बस्तर रेंज में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच हुई विभिन्न मुठभेड़ों में अब तक कुल 412 नक्सली कैडर मारे गए या पकड़े गए हैं, जिनमें सीपीआई माओवादी के महासचिव बसवराजु उर्फ गंगन्ना और सीसीएम गौतम उर्फ सुधाकर भी शामिल हैं।



### घटना स्थल पर मिली सामग्री

घटनास्थल से गश्त पर निकले फोर्स को एक वर्दीधारी महिला ईनामी माओवादी शव , एक न 303 रायफल, एक नग देशी बीजीएल लांचर, 303 के 7 नग कारतूस, वाकी टॉकी एक नग, पिट्ठू 2 नग, बैटरी मोबाईल चार्जर 2 नग, नक्सल साहित्य, दवाईयां और भारी मात्रा में अन्य दैनिक उपयोगी सामाग्री मिली, जिसे जप्त किया गया।

### आठ लाख ईनामी महिला का मिला शव



जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण एलिसेला ने बताया कि 20 जून को ग्राम आमाटोला एवं कलपर के मध्य कोटरी नदी पार स्थित जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की विश्वसनीय सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा एक संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया गया। मुठभेड़ में आठ लाख की ईनामी महिला नक्सली का शव एवं हथियार मिले है।

## खबर संक्षेप

### ब्रह्माकुमारीज ने चलाया नशामुक्ति अभियान





**कांकेर।** ब्रह्माकुमारीज नरहरपुर के तत्वावधान में पीएमश्री सेजेस हाई स्कूल में आयोजित नशामुक्ति अभियान के तहत नशे से संबंधित चित्र प्रतियोगिता और रंगोली में बालिकाओं ने भाग लिया। नशामुक्त कार्यक्रम में बीके रामा दीदी ने इस अभियान की विस्तृत जानकारी देते हुए उन सभी से नशे से सदा दूर रहने और परिवार समाज के लोगो को भी जागरूक करने के लिए प्रतिज्ञा कराया एवं सभी ने आश्वासन दिया। इस अवसर पर नरहरपुर की संचालिका बीके अघन बहन व बीके नीतीश मगेंद उपस्थित रहे।

### कन्या माध्यमिक शाला को प्रिंटर और कम्प्यूटर की मिली सौगात



**दुर्गूकोंदल।** शिक्षा को डिजिटल इंडिया से जोड़ने के लिए हाहालद्दी से लौह अयस्क निकालने वाली कंपनी गोयल ग्रुप द्वारा कन्या माध्यमिक शाला दुर्गूकोंदल को कंप्यूटर और प्रिंटर साथ ही तहसील में संचालित मावा मोदोल पुस्तकालय को भी कम्प्यूटर और प्रिंटर की सौगात दी। परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे बच्चों के लिए अत्यंत ही मददगार साबित होगा। इस दौरान जनपद जनपद सदस्य सविता उयके, सरपंच शकुंतला नरेटी, शाला प्रबंधन समिति सदस्य राजूराम भगवानी जैन, एबीईओ अंजली मंडावी,गोयल ग्रुप सहायक प्रबंधक रवि तिवारी, अतुल जैन, अंकुर गोयल, सीआरसी शंकर नागवंशी, दयालु ठाकुर, नरेंद्र साहू, सावित्री ठाकुर, हेमलता जैन एवं समस्त अध्यापक, अध्यापिकाएं व नव प्रवेशी छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

### भानुप्रतापपुर से प्रयास में 32 विद्यार्थियों का मेरिट में चयन



**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखण्ड के विभिन्न स्कूलों का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। भानबेड़ा एवं कोरर क्षेत्र के स्कूलों का निरीक्षण करते हुए संस्था में प्रतिदिन बच्चों की उपस्थिति पर सभी शिक्षकों को जोर देने को कहा। उन्होंने बताया कि प्रयास स्कूल में चयन के लिए विकासखंड भानुप्रतापपुर का जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा, जहां वर्ष 2023-24 में 21 विद्यार्थी चयनित हुए थे। वह वर्ष 2024-25 में बढ़कर 32 विद्यार्थी का चयनित हुए। राज्य स्तरीय मेरिट में भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के बच्चों के स्तर लगातार सुधार हुआ। पिछले वर्ष की आपेक्षा इस वर्ष 11 अधिक विद्यार्थी का चयन हुआ।

## पीएम मोदी के शासनकाल की उपलब्धियों के बारे में सभा के दौरान दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धनेलीकन्हार

विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के 11 वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफलतम इस काल खंड पर संकल्प सभा का आयोजन भारतीय जनता पार्टी मंडल धनेलीकन्हार ने पिछड़ा वर्ग भवन में आयोजित किया। संकल्प कार्यक्रम नगरपालिका कांकेर के अध्यक्ष अरुण कौशिक के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन की अध्यक्षता में हुआ।

- संकल्प सभा में गूंजा विकसित भारत का सपना, जल संरक्षण और सेवा भाव का लिया संकल्प
- 11 वर्षों की उपलब्धियों पर भाजपा मंडल धनेलीकन्हार में हुई चर्चा

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पानी की बूंदों को संरक्षित रखने, विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने तन, मन, धन से सहयोग करने सहित कई विषयों पर संकल्प दिलवाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने 11 वर्ष के शासनकाल में देश में 4 करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाने के साथ-साथ स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए शौचालय का निर्माण करवाया। देश को सुपरफास्ट वंदे मातरम ट्रेन देकर यातायात को सुगम बनाया। 15 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल जल योजना से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया। पिछले दिनों 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या का बदला लेते हुए आपरेशन सिन्दूर चलाकर पाकिस्तान के आंतकी ठिकाने को नष्ट करते हुए विश्व पटल पर देश का मान बढ़ाया है। हमारे आने वाली पीढ़ियों की चिंता करते हमें जल संरक्षण की दीशा में कार्य करते हुए 15 अगस्त ▶▶ शेष पेज 12 पर



## सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर हुई संकल्प सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरहरपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल नरहरपुर द्वारा नगर नरहरपुर में सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर सभा का किया आयोजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर के आतिथ्य में व पूर्व मंडल अध्यक्ष व कार्यक्रम के संयोजक मुकेश संचेती के उपस्थिति में सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल पूर्ण होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। आयोजित संकल्प ▶▶ शेष पेज 12 पर

- 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लिया गया संकल्प

## गढ़पिछवाड़ी के पूर्व सरपंच की हुई शिकायत, कार्रवाई की हो रही मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



गढ़पिछवाड़ी के पूर्व सरपंच के द्वारा राशि निकाल लेने के बाद निर्माण कार्य पूरा नहीं करने की शिकायत को लेकर वर्तमान सरपंच, पंच एवं ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुँचे। पूर्व सरपंच की कार्यगुजारी की शिकायत करते हुए कार्यवाही की माँग किया है।

शिकायत करने पहुँची सरपंच हेमलता भंडारी ने बताया कि पूर्व सरपंच गोविन्द दरों के द्वारा सामुदायिक शेड निर्माण डड़सेना कलार समाज अलबेलापारा कांकेर के लिए 5 लाख रूपया स्वीकृत राशि, जिसमें 2 लाख 50 हजार आहरण कर लिया है, परंतु. निर्माण कार्य अधूरा है। इस विषय में अनुविभागीय अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद भी आज पर्यंत अधूरा है, कार्य को पूरा नहीं किया गया है। इस कार्य को पूरा करवाने या पूर्व सरपंच से राशि वसूलने की माँग किया गया है। इसके अलावा गढ़पिछवाड़ी प्राथमिक शाला भवन के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 5 लाख रूपया स्वीकृत राशि जिसमें 2 लाख 50 हजार आहरण कर निर्माण कार्य ▶▶ शेष पेज 12 पर

- ग्रामीणों ने लगाए सामुदायिक शेड और स्कूल भवन निर्माण में भारी गड़बड़ी करने के आरोप

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के अनुकूल प्रोटोकॉल के अनुसार निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसकी मॉनिटरिंग केन्द्र सरकार द्वारा की जा रही है, इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए।

- विभिन्न कार्यों के लिए किया निर्देशित

बैठक में कलेक्टर ने आयुष मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए पोर्टल में अधिकाधिक संख्या में पंजीयन कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सुबह 6.30 बजे पीएमश्री नरहरदेव शाउमावि के प्रांगण में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा ने सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की जानकारी देते हुए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पहले पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 12 पर

## मितानिन प्रेरक की हत्या की जांच के लिए मितानिन पहुंची कलेक्टोरेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

चिखली एवं हामतवाही की मितानिन प्रेरक जयंती मंडल की हत्या को लेकर जिलेभर की मितानिन कलेक्टोरेट पहुँची ओर हत्यारे को जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने एवं मुआवजा की माँग किया है।

- न्याय नहीं मिला तो होगा उग्र आंदोलन: मितानिन संघ
- जिलेभर की मितानिनों ने की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग

जानकारी के अनुसार जिलेभर से कलेक्टोरेट पहुँची प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि हमारी माँग है कि हत्या में शामिल अज्ञात आरोपियों का जल्द से जल्द पता करके कड़ी से कड़ी सजा देने एवं मृतक मितानिन प्रशिक्षक को मुआवजा दिए जाने की माँग किया है। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ इस प्रकार की घटना का निंदा करता है। मितानिन संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि हमारे प्रेरक की जिस प्रकार से हत्या हुई है, वो बहुत ही दर्दनाक है। मितानिन प्रेरक का परिवार बहुत ही परेशान है। मृतक मितानिन प्रेरक का मोबाईल जो गायब हुआ है, उसका आज तक पता नहीं चल सका है। कलेक्टोरेट पहुँची मितानिनों से यह जानने का प्रयास किया गया कि हत्या का क्या कारण हो सकता है, उसके साथ कार्य करने वाली मितानिनों का कहना है कि हम लोगों को समझ में नहीं आ रहा है कि उनकी हत्या क्यों किया गया है। उनका स्वभाव बहुत अच्छा था और सभी से मिलकर काम करती थी। उनके द्वारा आज तक किसी भी मितानिन को परेशान भी नहीं किया गया। उनके द्वारा परिवार ▶▶ शेष पेज 12 पर

### मामले में जल्द खुलासे की मांग

मितानिन संघ की मांग है कि इस हत्या की जांच किया जाए और हत्यारे का खुलासा जल्द से जल्द किया जाए। हत्या का खुलासा नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की बात कही। इस अवसर पर मितानिन संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

आईईडी और वीवीआईपी सुरक्षा में कांकेर बना प्रशिक्षण का केंद्र

## एनएसजी ने सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज के आईईडी स्कूल में दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

सीटीजेडब्ल्यू काँलेज के आईईडी स्कूल कांकेर में तीन वर्षों से जिला पुलिस बल एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अधिकारियों और जवानों को बम डिस्पोजल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एनएसजी की प्रशिक्षत टीम ने सीटीजेडल्ब्यू काँलेज में बम डिस्पोज के अलावा वीवीआईपी की सुरक्षा का भी प्रशिक्षण दिया है, ऐसा पहली बार हुआ है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुप्तवार्ता अमित कुमार द्वारा एनएसजी के विशेषज्ञ बम निरोधक दस्ते के प्रशिक्षकों द्वारा एक एडवांस कोर्स बम डिस्पोजल एंड एंटी सबोटाज चैक कोर्स 9 से 20 जून तक सीटीजेडब्ल्यू काँलेज के आईईडी स्कूल संचालित किया गया। जंगल में अथवा शहरी संवेदनशील क्षेत्रों में संदिग्ध आईईडी अथवा अन्य प्रकार के विस्फोटक बरामद होने पर सुरक्षा के लिए क्या आवश्यक कदम उठाए जाते है, इसकी भी ट्रेनिंग दी गई। इसके अतिरिक्त वीवीआईपी प्रवास होने पर सभास्थल मंच हैलीपैड में कौन से सुरक्षा उपाय किए जाते है, इनकी जानकारी विस्तार से दी जा रही है। विगत वर्षों में सुरक्षा बल के द्वारा जो उपलब्धिया हासिल की है और ऑपरेशन के दौरान जो नुकसान उठाना पड़ा है, उनको भी स्लाइड्स के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। समापन समारोह में हरियाणा गुड़गांव मानेसर से वरिष्ठ अधिकारी मेजर अर्शदीप संधू शामिल हुए। उन्होंने कोर्स में शामिल समस्त प्रशिक्षणार्थियों को इस कोर्स को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों में नक्सलियों द्वारा आगामी दिनों में आईईडी का इस्तेमाल किया जाएगा। ऐसे परिस्थिति में आपने जो प्रशिक्षण यहां प्राप्त किया है, उसका महत्व और बढ़ जाएगा। आईईडी स्कूल के प्रशिक्षकों और उपलब्ध संसाधन की तारीफ किया। संस्था के डायरेक्टर ब्रिगेडियर एसके लामा, डीआईजी एसएल बघेल, सहायक सेनानी रमेश येरेवार एवं निरीक्षक जीपी शुक्ला द्वारा भी एनएसजी के प्रशिक्षकों को उत्कृष्ट प्रशिक्षण के लिए सम्मान पत्र एव स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।





### 2098 जवान हो चुके हैं प्रशिक्षित

*सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज के अफसरों के अनुसार अब तक इस संस्थान द्वारा 2098 जवानों को आईईडी का प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिसमें छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के 942, जिला पुलिस बल के 833, रेल्वे सुरक्षा बल के 29 एवं एनएसजी के प्रशिक्षकों द्वारा 294 अधिकारी व कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं।*

## खबर संक्षेप



### बुडरा में 25.220 लीटर अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने जिले के ग्राम बुडरा में अवैध शराब संग्रहण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्र में शराब जब्त की है। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बस्तर संभाग आशीष कोसम के मार्गदर्शन में की गई। जिला आबकारी अधिकारी डिगेश कुमार देवांगन ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर की गई इस छापेमारी में आरोपी हरेंद्र महावीर पिता घुड़राम, निवासी बुडरा, थाना माकड़ी को अवैध शराब संग्रहण के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 25.220 बल्क लीटर अन्य प्रांत उड़ीसा की विदेशी मदिरा जब्त की गई, जिसका बाजार मूल्य 7580 रूपए आंका गया है। इस मामले में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) और 36 के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है। आबकारी विभाग, कोण्डागांव ने अवैध शराब से जुड़ी शिकायतों के लिए दूरभाष नंबर जारी किया है, जिस पर किसी भी दिन और किसी भी समय सूचना दी जा सकती है। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार, आबकारी आरक्षक कैलाश प्रसाद पाण्डे, धनीराम कुलदीप, अशोक कुमार मण्डावी एवं वाहन चालक समदू बघेल, रविन्द्र पाण्डे उपस्थित रहे।

### पूर्व सैनिकों ने समय पर रक्तदान कर बचाई जान

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोण्डागाँव के बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा के निर्देशन में और जिलाध्यक्ष सुरज यादव के मार्गदर्शन में कोण्डागाँव जिले में पिछले 5 वर्षों से लगातार पूर्व सैनिकों के द्वारा रक्तदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में श्रीमती संगीता यादव निवासी ग्राम जैतपुरी को बी नेगेटिव रक्त की कमी के कारण जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी जानकारी मिलते ही तत्काल अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के कोषाध्यक्ष पूर्व सैनिक सोमेश्वर भारती ने जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के द्वारा समस्तजनों से अपील किया जाता है कि स्वयं रक्तदान करें और दुसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।



### खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व निर्णायकों को मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य खेल अलंकरण वर्ष 2023–24 एवं 2024–25 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं निर्णायकों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार, शहीद पंकज विक्रम सम्मान, शहीद विनोद चौबे सम्मान सहित मुख्यमंत्री ट्रॉफी, नगद राशि, प्रेरणा निधि एवं डाइट मनी से सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ खेल अधिकारी सुश्री सुधा कुमार ने बताया कि पुरस्कार के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किए गए हैं। नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए योग्य आवेदकों से 26 जून तक कार्यालयीन समय में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

# गर्भवती महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

## गोलावण्ड, करियाकांटा और बम्हनी के स्वास्थ्य केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

- समय पर पंजीयन और देखरेख से ही सुरक्षित मातृत्व संभव : पन्ना
- जनचौपाल में लापरवाही पर एक्शन, 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज जिले के गोलावण्ड, करियाकांटा और बम्हनी स्थित स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं के पंजीयन की स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि गर्भ ठहरने के एक माह के भीतर महिला की पहचान कर उसे आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं तत्काल मुहैया कराई जाएं, ताकि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि मितानिनों की भूमिका को और अधिक सक्रिय बनाया जाए। उन्होंने कहा कि मितानिन अपने क्षेत्र की महिलाओं की लगातार निगरानी करें और गर्भवती होने की जानकारी समय पर संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों को दें, जिससे गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण से ही महिला को समुचित देखरेख एवं सुविधाएं मिल सकें। गोलावण्ड स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टाफ से प्रत्येक माह आयोजित की जाने वाली जनचौपाल की जानकारी ली। निर्धारित समय पर जनचौपाल का आयोजन न होने की जानकारी मिलने पर उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी डा. आर के सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने और 15 दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भविष्य में निर्देशों की अवहेलना पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### कोई भी गर्भवती महिला स्वास्थ्य लाभ से न रहे वंचित

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रसव कक्ष और शौचालयों की स्वच्छता की भी जांच की। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी गर्भवती महिला स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दी गई सभी हिदायतों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में ठोस सुधार हो सके।

**पत्रवार्ता:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने दी जानकारी

# जनभागीदारी से होगा आयोजन, सभी वर्गों के लोग योगाभ्यास में हों शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

- आज नारायणपुर में भव्य रूप से मनाया जाएगा 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

केबिनेट मंत्री एवं नारायणपुर विधायक केदार कश्यप ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में आयोजित प्रेसवार्ता में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 को लेकर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले इस महत्त्वपूर्ण दिन को जिले में बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। योग को जन-जन तक पहुँचाने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से यह आयोजन जिला प्रशासन, योग समितियों, विद्यालयों एवं सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से संपन्न होगा।

प्रेसवार्ता में केबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि "योग केवल शारीरिक कसरत नहीं है, बल्कि यह आत्मा, मन और शरीर के समन्वय का विज्ञान है। यह हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य उपहार है, जो आज वैश्विक पहचान बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया। आज विश्व के 190 से अधिक देश इसे बड़े हर्षोल्लास से मना रहे हैं।" मंत्री श्री कश्यप ने योग के स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली में अनेक शारीरिक और मानसिक समस्याएँ सामने आ रही हैं। योग ऐसी विधा है जो दवाओं पर निर्भरता कम करके व्यक्ति को भीतर से स्वस्थ बनाती है।" उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी के बाद लोगों ने योग और ध्यान की शक्ति को और गहराई से समझा है।



### जिले में कई स्थानों पर होंगे योग अभ्यास सत्र

मंत्री श्री कश्यप ने जानकारी दी कि योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के अलावा ब्लॉक स्तर और ग्राम पंचायतों में भी योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। मुख्य आयोजन नारायणपुर नगर के बायोडावर्सिटी पार्क कोटुम हार में आयोजित होगा। प्रातः 7बजे से योग अभ्यास शुरू होगा। इसमें जिले के सभी जनप्रतिनिधिगण, विभागों के अधिकारी-कर्मचारी,छात्र-छात्राएँ, एनसीसी, एनएसएस, महिला मंडल, स्वयंसेवी संस्थाएँ और आमजन भाग लेंगे। पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में मंत्री कश्यप ने कहा कि "बीते वर्षों में युवाओं और बच्चों में योग को लेकर जागरुकता में सकारात्मक बदलाव आया है।

### सभी वर्गों से योग दिवस में भागीदारी की अपील

प्रेसवार्ता के दौरान श्री कश्यप ने जिले के नागरिकों से अपील की कि वे 21 जून को सुबह समय निकालकर अपने नजदीकी योग केंद्र में सम्मिलित हों। "योग न तो जाति-धर्म देखता है, न ही उम्र। यह सबके लिए है छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक। उन्होंने कहा कि योग दिवस हमारे लिए एक अवसर है, जब हम खुद को और समाज को स्वस्थ और सशक्त बना सकते हैं। अंत में मंत्री श्री कश्यप ने मीडियाकर्मियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "समाचार माध्यम समाज में सकारात्मकता और जागरूकता लाने में अहम भूमिका निभाते हैं। योग जैसे विषय को जन-जन तक पहुँचाने में आपकी भूमिका सराहनीय है। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से आमजन को आयोजन की जानकारी मिलेगी और वे योग से जुड़ने के लिए प्रेरित होंगे।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार, अध्यक्ष जिला पंचायत नारायण मरकाम, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इंद्र प्रसाद बघेल, वरिष्ठ भाजपा नेतागण रूपसाय सलाम, बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, जिला महामंत्रीद्वय संजय नंदी, संदीप कुमार झा, जनपद अध्यक्ष पिंकी उसेंडी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्लस्टरस्तरीय धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष कार्यक्रम में ग्रामीणों को दी गई अहम जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्गूकोंदल

विकास खंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत पेंडावारी में क्लस्टर स्तरीय धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पेंडावारी, राउरवाही, महेन्द्रपुर, सटेली, मोखा, आमाकड़ा, चेमल, चिहरो, गुलालबोडी के सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

मुख्य अतिथि जनपद सदस्य दुर्गूकोंदल पीलम नरेटी ने बताया कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का लक्ष्य भारत सरकार के 17 मंत्रालयों द्वारा परिपूर्णता और आउटरीच द्वारा कार्यान्वित 25 प्रयासों के माध्यम से सामाजिक बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका में महत्वपूर्ण कमियों को खत्म करना और जनजातीय क्षेत्रों और समुदायों के समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है। जनजातियों से संबंधित समस्त लाभकारी संचालित विभिन्न योजनाओं का जमीनी स्तर पर जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन के लिए कहा गया। विशिष्ट अतिथि सरपंच चंद्रिका नेताम। साथ ही कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रुपेश कुमार नेताम, डोमेंद्र धारीवाल, मनोहर चंद्रवंशी बारी बारी से जैविक खेती मिशन योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना के साथ साथ आने वाले खरीफ सीजन की तैयारी के बारे में बताया गया। पशुपालन विभाग से डॉपी के ठाकुर के द्वारा बकरी पालन, सुकर पालन, गाय पालन एवं विभाग की अन्य योजनाओं का विस्तार से जानकारी दिया गया। महिला बाल विकास विभाग, फॉरेस्ट विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, स्वास्थ विभाग, के सभी अधिकारी कर्मचारी के द्वारा जनजातियों के लिए जनहितकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की थीम के साथ मनाया जाएगा 11 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- योग, शारीरिक स्वास्थ्य से बढ़कर मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का साधन : महेश जैन

आज 21 जून को पूरी दुनिया योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ की थीम के साथ 11 वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाएगी। गत दस वर्षों में भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को दुनिया में अपना उचित स्थान मिला है। भारत सरकार के प्रयासों का ही परिणाम है कि भारत की योग आधारित अर्थव्यवस्था कुल 20 हजार करोड़ रुपएं से अधिक की हो चुकी है और 1 लाख से अधिक प्रमाणित योग शिक्षक दुनिया के 190 देशों में योग सीखने-सिखाने का कार्य कर रहे हैं। उक्त बातें प्रेसवार्ता में भाजपा सांसद भोजराज नाग ने कही।

सांसद ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के हाल ही में हुए सर्वेक्षण में पाया गया कि देश के 2.5 करोड़ घरों में जो कि देश की आबादी का लगभग 8 प्रतिशत है, कम-से-कम एक सदस्य नियमित योग करता है। यह योग के भारतीय जीवन शैली से जुड़ाव को दिखाता है और यह स्थापित करता है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आम भारतीय के जीवन की प्राथमिकताओं पर चल रही है। आज के इस कठिन दौर में, जहाँ बीमारियों और जनसंख्या दोनों ही तेजी से बढ़ रही हैं, योग एक ऐसा माध्यम है जिससे हम सभी एक स्वस्थ, संतुलित और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।



भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि आदियोगी शिव को योग का प्रथम ज्ञानदाता माना जाता है, जिन्होंने सप्तर्षियों को योग की गूढ़ विधाओं का उपदेश दिया। बाद में महर्षि पतंजलि ने योग को एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से व्यवस्थित किया और उसे आस्था, अंधविश्वास और भ्रम से निकालकर एक प्रमाणित जीवनशैली के रूप में दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किया। योग केवल शारीरिक क्रियाओं का नाम नहीं है, बल्कि मन की स्थिरता, भावनाओं का संतुलन और आत्मा की शुद्धता की साधना है।

### ये रहे उपस्थित

प्रेसवार्ता के दौरान मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष भरत मटियारा, जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल, राजा देवनानी, दिनेश रजक, ईश्वर कावड़े व अन्य उपस्थित रहे।


# हरित योग की 10वीं वर्षगांठ के अवसर पर वनमण्डल में हुआ योगाभ्यास कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

पश्चिम वनमण्डल भानुप्रतापपुर कार्यालयीन प्रांगण में वनमण्डल कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने 19 जून को सुबह साढ़े 8 बजे योगाभ्यास किया।

वनमण्डलाधिकारी ने बताया कि हरित योग अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के 10 प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। यह अंतराष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने के अवसर पर एक विशेष प्रयास है, जिसका उद्देश्य पर्यावरणीय स्थिरता को पारंपरिक योग प्रथाओं के साथ एकीकृत करना है।

हरित योग से विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के मध्य समग्र स्वास्थ्य, माइंडफुलनेस और सद्भावना को प्रोत्साहित करता है। इसका उद्देश्य संरचित गतिविधियों के माध्यम से पर्यावरण चेतना के साथ योग के एकीकरणा को बढ़ावा देना, संपोषणीय जीवन शैली को बढ़ावा देने में गैर-सरकारी संगठनों, योग संस्थानों और सरकारी निकायों सहित विविध हितधारकों को शामिल करना, वृक्षारोपण और जल निकायों की सफाई जैसी पर्यावरण अनुकूल पहलों में सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना।



वनमण्डलाधिकारी द्वारा कार्यालयीन कर्मचारियों एवं अधिनस्थ समस्त कार्यालयों एवं मैदानी कर्मचारियों को सुझाव दिया गया कि समस्त कर्मचारी सुबह अपने दैनिक दिनचर्या में से कम से कम 30 से 40 मिनट योगाभ्यास के लिए निकाले, जिससे बेहतर स्वास्थ्य एवं स्वयं कार्य कूशलता में वृद्धि हो सके हरित योग कार्यक्रम उद्देश्य यही है कि योग अभ्यास अपने जीवन शैली में शामिल किया जाए।

***ये रहे उपस्थित:*** योगाभ्यास के दौरान वनमण्डलाधिकारी हेमचंद पहारे, सुरेश कुमार पिपरे सहायक वन संरक्षक उप प्रबंध संचालक जिला वनोपज सहकारी संघ मर्यादित पश्चिम भानुप्रतापपुर एवं वनमण्डल कार्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# कई योजनाएं बनाकर संचालित कर रहे हैं पीएम मोदी: दिलीप जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

- गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास और सांस्कृतिक विकास पर विशेष जोर

भारतीय जनता पार्टी कांकेर ग्रामीण मण्डल द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि विकसित भारत का अमृतकाल सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल को लेकर संकल्प सभा ग्राम माकड़ी में आयोजित किया।

भाजपा जिला महामंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए कार्य किया है, आज देश-दुनिया में भारत का अलग पहचान है और अन्य देश हमारी देश की अखण्डता को मानते है। प्रधानमंत्री ने कई योजनाएं बनाकर संचालित कर रहे है। गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन दे रही है, प्रधानमंत्री आवास के तहत 4 करोड़ से अधिक मकान बनाकर गरीबों को घर दिए, हर-घर जल की उपलब्धता करवाएं, आयोध्या में रामलल मंदिर, कांशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक सहित प्रमुख सांस्कृतिक केन्द्रों का विकास किया।

***ये रहे उपस्थित:*** आयोजन में मुख्य रुप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं कांकेर ग्रामीण मण्डल के प्रभारी राजीव लोचन सिंग, मण्डल अध्यक्ष कमलेष उसेण्डी, जिला प्रतिनिधि नारायण पोटाई, अजजा मोर्चा अध्यक्ष ईश्वर कावड़े, अपिव मोर्चा उपाध्यक्ष उत्तम जैन, पूर्व जिला पंचायत उनपाध्यक्ष कृष्णा देवी सिन्हा, जनपद अध्यक्ष पुर्णिमा कावड़े, जनपद उपाध्यक्ष तारिणी ठाकुर, भाजपा ग्रामीण पूर्व महामंत्री प्रकाश निषाद, उपाध्यक्ष सांवत नेताम, उमाशंकर जैन, महावीर सिंह सरोज सुरेश जैन, अविनाश ठाकुर, कन्हैया साहू, शंकर लाल जैन, राजेश जैन, गोकुल पटेल मनोज यादव, चुनेश्वरी साहू,पावित्री निषाद, कमला सिन्हा, खुशबू सिन्हा, कुबल नरेटी, ललित साहू, इराजदास महंत, मनोज यादव, कने सिंह निषाद, दौलत सिन्हा, राम प्रसाद कुंजाम, पूनम देवांगन, प्रकाश जैन, देवनारायण जैन, मनोज यादव, लाल जी साहू,उ त्तम साहू, मनोज कुमार जैन, रामानुज कुंजाम, संदीप यादव, हेमंत कुमार नेताम, तिलक कोर्राम, इतवारी राम, कांशी कोसरिया, शैलेंद्र पटेल, हेमलाल जैन, रोशन साहू व चुनेश्वर जैन उपस्थित रहे।



**नाम परिवर्तन की सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार हरगोविंद सिंह गोरे HARGOVIND SINGH GORE, पिता रामचरण गोरे RAMCHARAN GORE, निवासी ग्राम-बडेझाडकट्टा, तहसील-पखांजुर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के मतदाता परिचय पत्र में हरगोविंद सिंह गोरे HARGOVIND SINGH GORE पिता रामचरण गोरे RAMCHARAN GORE एवं पेन कार्ड में HARGOVIND SINGH GORE, पिता-RAMCHARAN GORE तथा राजस्व अभिलेखों में हरगोविंद, पिता-रामचरण अंकित हैं, मेरे पक्षकार के नाम पर जारी आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम गोविन्द सिंह गोरे GOVIND SINGH GORE पिता रामचरण गोरे RAMCHARAN GORE त्रुटिवश दर्ज किया गया है, जिसे सुधारा जाकर हरगोविंद सिंह गोरे HARGOVIND SINGH GORE, पिता रामचरण गोरे RAMCHARAN GORE लिखा एवं पढ़ा जाने के आशय का शपथ-पत्र दिनांक- 12/06/2025 को मेरे पक्षकार द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी भानुप्रतापपुर, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) के समक्ष निष्पादित करवाया गया है। अस्तु आज दिनांक के पश्चात से, मेरे पक्षकार के आधार कार्ड में, मेरे पक्षकार का नाम हरगोविंद सिंह गोरे HARGOVIND SINGH GORE, पिता- रामचरण गोरे RAMCHARAN GORE किया जावें तथा पहचाना जावें ।

दिनांक-20/06/2025

रीतिक गुप्ता (अधिवक्ता)
पता- वार्ड नं.-10 संबलपुर
तहसील भानुप्रतापपुर
जिला- उ.ब. कांकेर (छ.ग.)
मो.- 9098406706

## पेज 11 के शेष

### पीएम मोदी के...

को एक पेड़ मां के नाम लगानी है व सुरक्षित भी रखने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे लोकेश्वर सेन ने प्रधानमंत्री के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जन जन तक पहुंचाने की बात कहते हुए योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने, मन की बात का श्रवण करने के लिए अभी से कार्ययोजना बनाने की बात कही। साथ ही सरल ऐप पर डाउनलोड करने कि बात कही। **ये रहे उपस्थित** : कार्यक्रम के दौरान महामंत्री अशोक कचलाम, अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष मोती राम नाग, महामंत्री देवेन्द्र यदु, देवेन्द्र साहू, अमरसिंग बढ़ाई, हेमलाल गढ़िया, रमेश साहू, व्यास साहू, संत कुमार साहू, भीमेश्वर साहू, अंकित टावरी उपस्थित रहे।

### सुशासन गरीब कल्याण...

सभा में उपस्थित भाजपा के सभी पदाधिकारी ने एकजुट होकर भारत का जागरूक नागरिक विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने की शपथ लिया और साथ ही 11 साल बेमिसाल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए चल रहे जनकल्याणकारी योजना के बारे में चर्चा किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 81 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मुफ्त राशन मिल रहा है। वहीं हर घर नल हर घर जल योजना के तहत सभी को पेयजल की व्यवस्था की जा रही। इसी कड़ी में पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए मुद्रा योजना के अंतर्गत छोटे उद्यमियों को 32 लाख करोड़ से अधिक राशि के 52 करोड़ ऋण वितरित किए गए, जिससे लोगों को रोज़गार के अवसर मिले, वही गरिबो को प्रधानमंत्री आवास के तहत पक्का मकान दिया जा रहा। देश की सुरक्षा की अगर बात करें तो भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत रक्षा आत्मनिर्भरता का प्रतीक बना। भारत के सांस्कृतिक विरासत को सँवारने के लिए अयोध्या में भव्य राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक सहित प्रमुख सांस्कृतिक केंद्रों का विकाश भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण संभव हो पाया। इस संकल्प सभी में तारा ठाकुर ने सभी को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पूरा करने सभी को संकल्प दिलाया गया। **ये रहे उपस्थित** : कार्यक्रम में भाजपा मंडल महामंत्री लक्ष्मी नारायण साहू, उपाध्यक्ष धनेश कौशिक, जनजाति मोर्चा के मंडल महामंत्री आसकरण ध्रुव, नितेश मगेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

### गढ़पिछवाड़ी के पूर्व...

अधूरा है, जबकि 16 जून से शाला प्रारंभ हो चुका है। निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन दोनो कार्यो को पूरा करवाने के लिए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग किया है। कार्यवाही नहीं किए जाने पर कार्यवाही की माँग किया गया। कार्यवाही नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की बात कही है। ये रहे उपस्थित- ज्ञापन सौंपने के दौरान उपसरपंच शर्मिला सलाम, मीना नाग, लता समर्थ, विक्रांत भंडारी, रूपचंद भंडारी, महादेव नाग, बंसी राम मरकाम, अभिराम मरकाम, ठाकुर राम नरेटी, मिलाप पटेल, जितेंद्र पटेल, मंगलूराम पोया एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस...

बताया कि उक्त सामूहिक योगाभ्यास में मुख्य अतिथि कांकेर सांसद भोजराज नाग उपस्थित रहेंगे। प्रोटोकॉल के अनुसार सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए कहा। उल्लेखनीय है कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इस वर्ष योग संगम की थीम पर सामूहिक योगाभ्यास किया जाएगा। इसी तरह विकासखण्ड के नगरीय निकायां, ग्राम पंचायतों में हरित योग की थीम पर आधारित सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। इसमें गणमान्य नागरिकों, दिव्यांगजन, उभयलिंगी व्यक्ति, वंचित समूह, विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूह, समस्त आयु वर्ग के महिला, पुरूष, एनजीओ, विभिन्न संस्थाओं एवं छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया जाएगा। सामूहिक योग के आयोजन स्थल तक लाने-ले जाने के लिए परिवहन व्यवस्था की जिम्मेदारी समाज कल्याण विभाग को सौंपी गई है। बैठक में संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### मितानिन प्रेरक की...

की टीम की तरह काम लिया जाता था। इसीलिए जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश के मितानिन इस घटना से स्तब्ध है।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

TEAM CREATIVE

**भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग**
ग्राम–दानीटोला, पोस्ट–भैसबोड़
तहसील–डौंडी, जिला–बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति के नलकूप खनन प्रतिबंधित

**सुकमा।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीआर कोर्राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार भूमिगत जल स्तर बहुत तेजी से नीचे जाने के कारण भविष्य में होने वाले जल समस्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद् सुकमा के सामान्य सभा की बैठक 2 जून में लिए गए निर्णय के अनुसार नगरीय निकाय क्षेत्रांतर्गत कार्यालय नगर पालिका परिषद् सुकमा से बिना अनुमति के नलकूप खनन कार्य को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

### राशनकार्डों का 30 जून तक कर सकते है ई- केवायसी

**सुकमा।** भारत सरकार उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राज्य में एक राष्ट्र एक राशनकार्ड वन नेशन वन राशनकार्ड योजनातगर्त सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतगर्त 83220 राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डों में 262867 सदस्य पंजीकृत है। इन सदस्यों में से 133099 सदस्यों का ई-केवायसी पूर्ण हो गया है। 129768 सदस्यों का ई-केवायसी शेष है। भारत सरकार द्वारा 5 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायासी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवायसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही जिले का चयन कर अपना आधार नंबर डाजकर, आधार ओटीपी क माध्यम से फेम ई-केवायसी कर सकते है। राशनकार्डों में पंजीकृत सभी सदस्य जिन्होने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, ऐसे सभी हितग्राही किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जूनतक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करावें।

# स्वस्थ जीवन के लिए परिवार के हर सदस्य को करना चाहिए योग : चैतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी दंतेवाड़ा द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक चैतराम अटामी ने कहा की जैसा कि आप सभी जानते हैं कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब हर वर्ष विश्व भर में मनाया जाता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ ने इस दिवस की मान्यता दी और इस दिन दुनिया के सभी देशों में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। भारत के लिए यह बड़े ही गौरव की बात है। यह 2015 से हर साल 21 जून को मनाया जाता है। क्योंकि उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन इस दिन होता है और आध्यात्मिक सिद्धियों के लिए यह उपयुक्त समय होने के कारण इस दिन का चयन प्रधानमंत्री ने किया। सन 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस प्रस्ताव को 177 देशों का समर्थन मिला था। हर वर्ष अलग-अलग थीम पर यह दिवस मनाया जाता है। सन 2025 की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है। राष्ट्रीय और स्थानीय स्तर पर योग सत्र, शिविर, और कार्यशालाओं का आयोजन होगा। पूर्व की तरह ही स्कूलों, कॉलेजों, और कार्यस्थलों में योग कार्यक्रम जिसमें सामूहिक योगाभ्यास और जागरूकता सत्र होंगे। इस प्रेस के माध्यम से हम जनता से निवेदन करते हैं कि सभी इस आयोजन से जुड़ें। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। जहां कल शासन द्वारा भी यह दिवस मनाया जाएगा, वहीं भारतीय जनता पार्टी की तरफ से भी अनेक आयोजन प्रस्तावित हैं। विधायक ने कहा की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से योग की महत्ता को रेखांकित किया गया है। इस विशेष दिन पर नागरिकों से यह अपील की गई है कि वे अपने जीवन में नियमित रूप से योग को शामिल करें और पूरे परिवार को स्वस्थ रखने के लिए एक सामूहिक प्रयास करें।

उन्होंने कहा कि योग केवल एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि मानसिक और आत्मिक संतुलन का माध्यम भी है। विशेषज्ञों का कहना है कि भागदौड़ भरी जीवनशैली, मानसिक तनाव, अनियमित खानपान और डिजिटल जीवनशैली से होने वाली परेशानियों से छुटकारा पाने के लिए योग सबसे प्रभावी उपाय है। आज के समय में जब बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक कई तरह की शारीरिक और मानसिक समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में योग एक सरल और सुलभ समाधान है।विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि परिवार के सभी सदस्यों को मिलकर सुबह जल्दी उठकर योग करना चाहिए। यह न केवल शरीर को चुस्त-दुरुस्त बनाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। बच्चों में एकाग्रता, धैर्य और आत्मनियंत्रण बढ़ाने के लिए योग बहुत ही उपयोगी है।

उन्होंने बताया कि वृद्धजनों के लिए योग जोड़ों के दर्द, मधुमेह, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों को नियंत्रित करने में मदद करता है, वहीं युवाओं के लिए यह फिटनेस और आत्मविश्वास बढ़ाने का जरिया है। महिलाओं के लिए योग हार्मोन संतुलन और मानसिक स्थिरता लाने में सहायक है। योग दिवस पर आयोजित शिविरों, विद्यालयों, सामुदायिक केंद्रों और ऑनलाइन सत्रों के माध्यम से लोगों को यह प्रेरणा दी गई कि योग कोई एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि इसे रोज़मर्रा की आदत बनाना चाहिए। यदि प्रत्येक परिवार योग को अपनाता है तो न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य सुधरेगा, बल्कि एक स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव भी मजबूत होगी।

अतः आज के दौर में यह आवश्यक हो गया है कि हम सब मिलकर इस प्राचीन भारतीय परंपरा को जीवन का हिस्सा बनाएं और योगा फॉर वेलनेस को अपनी दिनचर्या में स्थान दें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, पूर्व जिलाध्यक्ष अभिमन्यु सोनी, जिला पंचायत अध्यक्ष नन्दलाल मुडामि,पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमला विनय नाग,जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष सत्यजीत चौहान, पूर्व जिला महामंत्री पिंटू उइके, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता,मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर उपस्थित हुए।

# इंद्रावती नदी के स्टॉप डेम का गेट अचानक खोले जाने से रायकेरा नदी का जल स्तर गिरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर अंचल के किसानों के लिए जीवनदायिनी मानी जाने वाली इंद्रावती नदी के सहायक नदी रायकेरा नदी का जलस्तर लगातार घटता जा रहा है। इसका मुख्य कारण इंद्रावती नदी पर बने स्टॉप डेम के गेट का अचानक खोलने के कारण है । किसानों का कहना है कि जल संसाधन विभाग ने बिना पूर्व सूचना दिए इंद्रावती नदी के डेम का गेट खोल दिया, जिससे रायकेरा नदी का पानी सूखने लगा है।

इस स्थिति से किसानों में आक्रोश व्याप्त है, क्योंकि धान की बुवाई का समय सिर पर है और खेतों के लिए जरूरी पानी अब उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने बताया कि रायकेरा नदी इंद्रावती नदी की सहायक नदी है और इस पर कई गांवों के किसान सिंचाई के लिए निर्भर हैं। वर्तमान में धान बीज बोने का समय चल रहा है और किसानों को नर्सरी से लेकर खेत तैयार करने के लिए पानी की आवश्यकता है। लेकिन रायकेरा नदी का जलस्तर अचानक गिर जाने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा पूर्व में कलेक्टर, कमिश्नर, जल संसाधन विभाग और मंत्री को लिखित और मौखिक रूप से कई बार निवेदन किया था कि जब भी इंद्रावती नदी के डेम का गेट खोला जाए, तो हमें पूर्व सूचना दी जाए ताकि किसान अपनी तैयारियां कर सकें। लेकिन विभाग ने हमारी बात को अनसुना कर दिया। बिना सूचना दिए गेट खोल दिया गया, जिससे रायकेरा नदी में पानी की कमी हो गई।

उन्होंने आगे कहा कि इंद्रावती नदी के जल प्रबंधन को लेकर प्रशासनिक लापरवाही से किसानों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। रायकेरा नदी का पानी घट जाने से खेत सूखने लगे हैं और बोआई का काम रुक गया है। इससे न केवल फसल उत्पादन प्रभावित होगा, बल्कि आने वाले समय में पेयजल संकट भी उत्पन्न हो सकता है। किसानों का कहना है कि वे बार-बार प्रशासन से अपनी मांग रखते आ रहे हैं, लेकिन हर बार उनकी मांगें कागजों में दबकर रह जाती हैं। अब जबकि समस्या गंभीर हो गई है, तब भी जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। संघर्ष समिति और किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं निकाला गया और डेम संचालन में पारदर्शिता नहीं बरती गई, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। किसानों ने यह भी बताया कि इंद्रावती नदी पर बने डेम के गेट खोलने और बंद करने की प्रक्रिया में कोई नियम-कायदा नहीं दिख रहा है। जब चाहे तब गेट खोल दिया जाता है, जिससे पानी का बहाव अनियमित हो जाता है और सहायक नदियों जैसे रायकेरा में जल संकट गहरा जाता है। किसानों का कहना है कि यदि विभाग ने समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया, तो धान सहित अन्य फसलें बर्बाद हो जाएंगी और इससे क्षेत्र में आर्थिक संकट पैदा हो सकता है। इस मामले पर जल संसाधन विभाग और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

किसानों का कहना है कि वे लगातार अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। किसानों ने मांग की है कि प्रशासन जल्द बैठक बुलाकर समस्या का हल निकाले और यह सुनिश्चित करे कि भविष्य में डेम के गेट खोलने से पहले किसानों को सूचना दी जाए। रायकेरा नदी बस्तर क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सहायक नदी है, जो इंद्रावती नदी से अपना जल ग्रहण करती है। यह नदी कई गांवों के किसानों की सिंचाई और घरेलू जरूरतों का साधन है। यदि इस नदी का जलस्तर इसी तरह घटता रहा, तो आने वाले समय में क्षेत्र में जल संकट की स्थिति बन सकती है।

किसानों ने यह भी कहा कि जल प्रबंधन की उचित व्यवस्था की जाए ताकि इंद्रावती नदी और उसकी सहायक नदियों में संतुलित जल प्रवाह बना रहे। इसके अलावा डेम संचालन को लेकर एक स्पष्ट और पारदर्शी नीति बनाई जाए, जिसमें किसानों की राय और हितों को प्राथमिकता दी जाए।

# दूरस्थ गांवों में बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण हमारी प्राथमिकता: महेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

जिले के करपावंड विकासखंड के ग्राम बीजागुड़ा में आज 30 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वीकृत कार्यों का शुभारंभ करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का संकल्प दोहराया।

- 30 लाख की लागत से स्वीकृत निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद कश्यप ने कहा कि बीजागुड़ा जैसे दूरस्थ गांवों में बुनियादी ढांचे का सुदृढ़ीकरण हमारी प्राथमिकता है। अब विकास केवल शहरी सीमाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि अंतिम छोर तक पहुंचेगा। आज का भूमिपूजन इस दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर सड़क सुविधा, सामुदायिक भवन, स्वच्छता तथा आवासीय संरचना का लाभ मिलेगा, जिससे उनका जीवनस्तर सुधरेगा और सामाजिक समरसता को बल मिलेगा। सभी ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए सांसद के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पहल निश्चित रूप से बीजागुड़ा के लिए एक नई विकास गाथा की शुरुआत है। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष तरुण पांडेय, वरिष्ठ कार्यकर्ता परिस बेसरा, विषम ठाकुर, मंगलूराम कश्यप सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे।




संकलनकर्ता : अभिषेक पाण्डेय, संवाददाता, भानुप्रतापपुर मो. 9407909500, 9770004148

## खबर संक्षेप

### महिला ने खाया जहर इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत हिगनझर निवासी 28 शारदा नेताम ने जहर खा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हिगनझर निवासी 28 वर्षीय रामबाबु नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर सेवन कर लिया था, इलाज के दौरान 18 जून को सीएचसी भानुप्रतापपुर में मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### करंट लगने से युवक की मौत, जांच जारी

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सीएचसी चारामा में इलाज के दौरान 19 जून को शाम 5 बजें बिहार के भागलपुर जिला के गौराडीह मुरहान निवासी 32 वर्षीय मो. निशार का बिजली करंट लगने से मौत हो गई। अस्पताल के वार्ड द्वारा थाना में अस्पताली मेमो पेश करने पर असल नंबरी मर्ग कायम कर विवचेना में लिया गया।

### आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर द्वारा सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने के प्रकरण में मृतक के परिजनों के लिए 25-25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। कांकेर तहसील के ग्राम किरगापाटी के चमनलाल कोरेटी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके परिजन दयालूराम कोरेटी, भानुप्रतापपुर के ग्राम जुनवानी निवासी चन्द्रपाल कोमरा की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर पिता मोहपाल कोमरा तथा दुर्गूकोंदल तहसील के ग्राम भीरावाही निवासी थानूराम की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती दुलोबाई के लिए 25-25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### 25 जून तक ऑनलाइन आवेदन करने का है मौका

**कांकेर।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण सत्र 2025-26 व 2025-27 हेतु प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिले में संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में इच्छुक अभ्यर्थी व्यवसायवार ट्रेडों में 25 जून तक विभागीय वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों के पंजीयन के लिए वेबसाइट पर यूजर मैन्युअल दिया गया है, जिसका अवलोकन कर सकते हैं।

### होमगार्ड भर्ती परीक्षा कल

**जगदलपुर।** प्रदेश में स्वंयसेवी नगर सैनिकों (होमगार्ड) की भर्ती के लिए 22 जून को लिखित परीक्षा होगी। बस्तर में 5140 पदों के लिए हजारो पुरुष और महिला आवेदन जमा की है।

## क्राईम : आरोपियों के पास से आठ मोबाइल एवं मोटर सायकिल जब्त

# संवेदनीशल इलाके में जुआ खेलने वाले सात जुआरियों को 83 हजार नकदी के साथ दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिला मुख्यालय से लगे संवेदनशील ईलाके के ग्राम मरदापोटी में जुआ खेलने की जानकारी मिलने पर देर रात को छापामार कार्यवाही पर जंगल में महुआ पेड़ के नीचे जुआ खेल रहे 7 जुआरियों को दबोचा, जिनके पास से 83 हजार रू नगद जब्त किया गया। इस मामले में 6 जुआरी भागने में कामयाब रहे, उनके नाम भी पुलिस के सामने आ गए है। जुआरियों के कब्जे से नगद 83 हजार रू, 8 नग मोबाईल और मौके से मोटर सायकल को जब्त किया।

कांकेर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि कुछ जुआरी मरदापोटी के जंगल में जुआ खेल रहे है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने छापामार कार्रवाई की। ग्राम मरदापोटी जंगल के पास 20 जून को रात 3 बजे इलाके की घेराबंदी की। मौके से साल्हेटोला निवासी 23 वर्षीय दिनेश कुमार खोब्रागढ़े पिता तेजराम खोब्रागढ़े, आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम बेलोण्डी निवासी 23 वर्षीय सोनू नेताम पिता दुवारू राम नेताम, चिखली निवासी 35 वर्षीय मुकेश कुमार सर्फे पिता हीरा लाल सर्फे, घोटिया निवासी 21 वर्षीय संतु सलाम पिता मया राम सलाम, थाना केशकाल अंतर्गत ग्राम बंडापारा निवासी 54 वर्षीय शिवनाथ मरकाम पिता घडवा राम मरकाम, कंकालिनपारा कांकेर निवासी 34 वर्षीय गोविन्दा चांवला पिता स्व. मोहन लाल चावंला और टिकरापारा कांकेर निवासी 34 वर्षीय संजय जैन पिता अशोक जैन को पकड़ा गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस को आता देख कुछ जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हुए। जुआरी दिनेश के पास से 5 हजार 200 रूपएं व फड़ से 7 हजार 100 रू, सोनू नेताम के पास से 3 हजार 100 फड़ से 6 हजार 300 रू, मुकेश कुमार सर्फे के पास से 6 हजार 200 रू व फड़ से 5 हजार 500 रू, संतु सलाम के पास से 4 हजार 700 रू व फड़ से 5 हजार 800 रू, शिवनाथ मरकाम के पास से 6 हजार रू व फड़ से 7 हजार 600 रू, गोविन्दा चांवला के पास से 7 हजार 200 रू व फड़ से 9 हजार 300 रू और संजय जैन के पास से 5 हजार 800 रू व फड़ से 3 हजार 200 रू। सातो जुआरियों के कब्जे कुल नगद 83 हजार रू, कुल 8 नग मोबाईल, तास के 52 पत्ती एवं घटना स्थल के पास से मोटर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीडी 2886, बिना नम्बर का हिरो सुपर स्पेलेन्डर लाल रंग, वाहन क्रमाक सीजी 19 ए 3722, वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएफ 6281, वाहन क्रमांक सीजी 05 एसी 0635, एक नग तिरपाल, एक नग आधा जला मोमबत्ती को जप्त कर धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### नरहपुर पुलिस ने चार जुआरियों के कब्जे से नगद साढ़े 5 हजार व 6 वाहन किया जब्त

नरहरपुर थाना पुलिस ने मंडी के पीछे जुआ खेलने वाले चार जुआरियों को पकड़ा। आरोपियों के कब्जे से नगद 5 हजार 400 रूपएं व 6 वाहन को जप्त कर जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस ने 19 जून की शाम साढ़े 5 बजें नरहरपुर मंडी के पीछे तरफ खेत जाने का रास्ता किनारे जुआ खेल रहें जुआरी वार्ड क्रमांक 14 नरहरपुर निवासी 34 वर्षीय कमलेश कुलदीप पिता रामाधार कुलदीप, वार्ड क्रमांक 7 निवासी 50 वर्षीय जयप्रकाश साहू पिता मंगलूराम साहू, वार्ड क्रमांक 9 निवासी 55 वर्षीय रतनलाल साहू पिता रतिराम साहू और वार्ड क्रमांक 12 नहरपुर निवासी 48 वर्षीय पुरूषोत्तम ध्रुव पिता विष्णुराम ध्रुव को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर कमलेश कुलदीप के पास से 400 रूपएं व फड़ से 700 रूपएं, जयप्रकाश साहू के पास से 400 रूपएं व फड़ से 600 रूपएं, रतनलाल साहू के पास से 500 रूपएं व फड़ से 1200 रूपएं और पुरूषोत्तम ध्रुव के पास से 800 रूपएं व फड़ से 800 रूपएं कुल 5 हजार 400 रूपएं, तास के 52 पत्ते, प्लास्टीक दरी व 6 नग मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीटी 7963, सीजी 05 एन 6730, सीजी 05 एक्यू 9448, सीजी 19 बीपी 6173, सीजी 24 और 0390 और पुरानी एचएफ डिलक्स बिना नंबरी को जप्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 3 (2) जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# प्राशा और माशा के दो शिक्षक मावा मोदोल में अटैच, निर्देश के बावजूद अधिकारी गंभीर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर




सीजी पीएससी, रेलवे, व्यापम, शिक्षा, वन विभाग एवं पुलिस विभाग सहित अन्य प्रतियों परीक्षा के उद्देश्य से जिला प्रशासन के द्वारा संस्थान मावा मोदोल भानुप्रतापपुर में संचालित है। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य विभाग मंत्रलय रायपुर के संलग्नीकरण समाप्त करने के कड़े निर्देश के बावजूद मावा मोदोल में बेवजह एक प्राथमिक स्कूल के प्रधानपाठक एवं एक मीडिल स्कूल के शिक्षक को डीईओ कांकेर एवं बीईओ भानुप्रतापपुर के द्वारा अटैच किया गया है। नियमतः प्रधान पाठक को अटैच किए जाने का प्रावधान नही है, लेकिन कांकेर व भानुप्रतापपुर के शिक्षा अधिकारी असंभव को भी संभव कर दिखाया। अटैच के कारण स्कूल की शिक्षा प्रभावित हो रही है। शासन के नियम के बावजूद भी जिले के जवाबदार शिक्षा अधिकारी अपनी मनमानी करने से पीछे नही हट रहे है।

जानकारी के अनुसार धर्मराज कोरेटी प्रधान पाठक जिसकी मूल पदस्थापना प्राथमिक शाला मुंगुर टोला ग्राम पंचायत तरंदुल में स्थित है। यहां पर एक प्रधानपाठक व एक शिक्षक पदस्थ है, लेकिन धर्मराज कोरेटी प्रधान पाठक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से सेटिंग कर भानुप्रतापपुर मावा मोदोल में अटैच करवा लिया है। प्रधानपाठक के अटैच होने के कारण प्राथमिक स्कूल में एक शिक्षक द्वारा पांच कक्षा के बच्चों को अध्यापन कार्य कर रहे है। प्राथमिक स्कूल के नए सेटअप देखे तो एक प्लस एक है, उसके बावजूद भी एक शिक्षक को अटैच कर शिक्षा अधिकारी स्वयं शासन के नियमो का कितना पालन कर रहे है। एक और शिक्षक हेमलाल बेलसरिया है, जिनकी मूल पदस्थापना पूर्व माध्यमिक शाला कुल्हाडकट्टा है, लेकिन वह भी मावा मोदोल में अटैच है। पूर्व माध्यमिक शाला कुल्हाडकट्टा में बच्चों की दर्ज सँख्या 70 है, लेकिन वहां पर कुल 6 शिक्षक पदस्थ है उनमें एक अटैच है। शासन के युक्तियुक्तकरण नियम के सेटअप को देखे तो मीडिल स्कूल में एक प्रधान पाठक एवं तीन शिक्षक का प्रावधान है, लेकिन यहां पर दो अतिरिक्त शिक्षक है, जो अतिशेष के श्रेणी में आते है, लेकिन उनका नाम अधिकारी के द्वारा छुपाया गया। अतिशेष दोनो शिक्षक का वेतन आहरण कहा से किया जाता है यह बाकी कल के अंक में प्रकाशित की जाएगी। आश्चर्य की बात कहे यह फिर शिक्षा अधिकारी की मेहरबानी की प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूल के अटैच शिक्षक स्कूल में बच्चों को पढ़ाने छोड़कर मावा मोदोल संस्थान में प्रतियोगिता परीक्षा को पढ़ाने के नाम से वेतन ले रहे है। प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्थ करने युक्तियुक्तकरण नियम पर कार्य कर रही है वही शिक्षा अधिकारी नियमो की धज्जियां उड़ाने का काम कर रही है।

- नियमों को ताक पर रखकर कार्रवाई करने का आरोप, मूल स्कूलों की पढ़ाई हो रही प्रभावित

# पैराडाइज स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव तिलक वंदन कर किया छात्रों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल सीबीएसई स्कूल में प्रवेश उत्सव 20 जून से पुनः प्रारंभ हुआ, जिसमें कक्षा प्री-नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चे प्रथम दिवस स्कूल पहुचकर अत्यंत ही आनंदित हुए एवं प्रार्थना सभा सरस्वती वंदना, मोरल सान्ग, स्पोकन इंग्लिश तथा राष्ट्रीय गीत के सभी शिक्षकों एवं स्कूल स्टाफ के द्वारा बच्चों का स्वागत किया गया।

प्रवेश उत्सव में प्राचार्य रश्मि रजक एवं सभी शिक्षकों द्वारा प्री-नर्सरी, मिडिल एवं हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी के प्रत्येक बच्चों को तिलक वंदन एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया छात्र-छात्राओं का शिक्षकों के द्वारा किए गए स्वागत से भाव विभोर हुए व अपनी गुरूओं के प्रति कृतज्ञता अर्पित किया। इसी प्रकार प्री-नर्सरी एवं प्राइमरी के बच्चों का भी स्वागत किया गया एवं कक्षाओं को नई साज सज्जा के साथ डेकोरेट किया गया। कक्षा अनुसार आरामदायक नए-नए फर्नीचर की व्यवस्था के साथ-साथ प्राइमरी एवं प्री-प्राइमरी के बच्चों के लिए नए विशाल झूला एवं स्लाइडर उपलब्ध कराया गया है, जिससे बच्चें खेल एवं मनोरंजन के साथ ज्यादा से ज्यादा स्कूल मे उपस्थित होंगे। लैंब, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैंब, मैथ्स लैंब, रोबोटिक लैंब, इनडोर गेम्स रूम, संगीत, वाद्य यंत्र आर्ट एवं क्राफ्ट क्लास को अत्यधिक आकर्षक बनाकर और अधिक डेवलप किया गया है, जिसका लाभ प्रत्येक छात्र-छात्राऐं प्रथम से ले रहे है। प्रथम दिवस में स्कूल मैनेजमेंट द्वारा बनाई गई समय सारणी अनुसार कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के सभी विषय शिक्षकों द्वारा अध्यापन प्रारंभ हो गया है। सभी बच्चों ने पूर्ण मनोयोग से प्रथम दिवस मे अध्ययन अध्यापन मे भाग लिया। खेलकूद, संगीत, आई. एड काफ्ट एवं प्रायोगिक गतिविधियों में भी भाग लिया। प्रथम दिवस में उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एकेडमिक हेड सुनील कुमार पंडा का मार्गदर्शन वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा आदि सभी शिक्षकों का अध्ययन अध्यापन द्वारा सफलतापूर्वक बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षण प्रदान कर रहा है।

- प्रवेशोत्सव : बच्चों के पढ़ाई और खेल की हुई जोरदार शुरुआत
- सरस्वती वंदना से आरंभ हुआ नया शैक्षणिक सत्र, विद्यार्थियों के चेहरे पर दिखा उत्साह

# प्राथमिक व माध्यमिक शाला पुजारीपारा में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत संकुल कलंगपुरी अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला पुजारीपारा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना के साथ किया गया एवं शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर नेवता भोजन कराया गया।

अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को पुष्पगुच्छ तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर व गणवेश प्रदान कर शाला प्रवेश कराया एवं बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया और पालकों को भी अपने बच्चों को घर में पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

**ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर माध्यमिक शाला शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नवल राम सलाम, प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष फूलसिंह नरेटी, बृजभूषण आर्य, शोपसिंह आचला, रामप्रसाद नरेटी, बिश्राम आचला, मेहरू राम उसेण्डी, प्रधानाध्यापक नारायण सिंह कोवाची, बेदी लाल केमरो, शिक्षक तुलसीराम ठाकुर, जोगेश्वर लाल फरदिया, आशा एक्का, शशीकला बघेल, महेश कुमार ध्रुव, सामको गावडे, जयमिला नरेटी, शर्मिला आचला, श्यामा बाई यादव, ईश्वर कल्लो, नीलकंठ कल्लो, गौतो बाई उसेण्डी, सुखिया बाई उसेण्डी उपस्थित रहे।

- बच्चों और अभिभावकों को किया गया शिक्षा के प्रति प्रेरित

# भाजपा मंडल अंतागढ़ में संकल्प सभा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़



संकल्प से सिद्धि विकसित भारत का अमृतकाल मोदी के सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम प्रदेश और जिला अध्यक्ष, अंतागढ़ मंडल अध्यक्ष के मार्गदर्शक पर भाजपा मंडल अंतागढ़ में संकल्प सभा अंतागढ़ वन विभाग विश्राम गृह में हुआ।

सभा कि शुरूआत भारत माता एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर तिलक वंदन कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष महेश उईके ने कि। वही महामंत्री कल्पना जैन ने आए हुए सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी ने कहा कि विकसित भारत का अमृतकाल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक की केंद्र सरकार किअनेक जनकल्याणी योजना गरीब की सेवा वंचितों का सम्मान किसानों का कल्याण इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रगति पथ भारत का टेक्नोलॉजी युग, नारी शक्ति के लिए नई गति, माध्यम वर्ग जीवन आसान, राष्ट्र प्रथम राष्ट्रीय सुरक्षा विदेश नीति, व्यापार सुगमता ऐसे कई विरासत और विकास के क्षेत्र में हुए कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को विकसित भारत 2047 का संकल्प दिलाते हुए मंडल के शक्ति केन्द्रों एवं बूथ स्तर पर सभा आयोजित कर इस संकल्प में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

**ये रहे उपस्थित-** कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता महेंद्र ठाकुर, माखन सिंह लक्ष्मण ठाकुर, अमल नरवास, मनोरमा मंडावी, कुबल भूसाखरे, सतीश ठाकुर, कल्पना जैन, कुमारी साहू, रामकुमार देवांगन, धर्मेंद्र वासनीकर, शिववचन शांडिल्य, अवधेश साहू, धन्नू गोटा, शांतनु मानकर, जीतू मरकाम, शानू ठाकुर व अन्य उपस्थित रहें।

### कटेकल्याण क्लस्टर में हुआ संतृप्ति करण शिविर

**दंतेवाड़ा।** जिले के विकासखण्डों में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज कटेकल्याण क्लस्टर में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लखारास, परचेली, नड़ेनार, चिकपाल, मारजूम, बेंगलुर, मथाड़ी के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य, सरपंच, पंच एवं संबंधित सभी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में आधार बनाने, राशन कार्ड बनाने किसान क्रेडिट कार्ड बनाने, स्वास्थ्य जांच कराने आदि हेतु विभिन्न विभागों द्वारा काउंटर बनाये गए थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, फेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का मुंगवाल में आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



विकासखंड भानुप्रतापपुर के कलस्टरों के माध्यम से सभी ग्राम पंचायतों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत मुंगवाल में किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत मुंगवाल, भानबेड़ा, भोड़िया, कुड़ाल भेजा एवं बारवी के ग्रामीण शामिल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष विकास सुनाराम तेता ने कहा कि आप सभी को बताते हुए हर्ष हो रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 26 आदिवासी राज्य में 1 करोड़ परिवार जनसंख्या 5 करोड़ आदिवासी परिवार को हर वर्ग के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पंहुचाने के लिए भारत सरकार ने और प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण और समयबद्ध मिशन चला रही है।

धरती आबा कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष विकास सुनाराम तेता ने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान धरती आबा पृथ्वी के पिता एक उपाधि है, जिसका उपयोग झारखंड में बिरसा मुंडा के सम्मान में किया जाता है। हाल ही में भारत सरकार ने धरती आबा जनभागीदारी अभियान शुरू किया है। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी और नेतृत्वकर्ता बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव वर्ष शुरू किया गया। जो एक प्रमुख राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य सरकारी लाभों तक पूर्ण पहुंच सुनिश्चित करके आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाना है। यह देश का सबसे बड़ा जनजातीय सशक्तिकरण और लाभ-संतृप्ति कार्यक्रम है। बिरसा मुंडा आदिवासियों के भगवान हो गए और उन्हें धरती आबा कहा जाने लगा, लेकिन आदिवासी पुनरुत्थान के नायक बिरसा मुंडा, अंग्रेजों के साथ साथ अब मिशनरियों की आँखों में भी खटकने लगे थे। अंग्रेजों एवं मिशनरियों को अपने मकसद में बिरसा मुंडा सबसे बड़े बाधक लगने लगे थे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीएल चुरेन्द्र ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में बारीकी से अवगत कराते हुए कहा कि आप सभी शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ लेने से न चुकें, क्योंकि बहुत सारी योजना का लाभ हमारे ग्रामीण अंचल के लोग नहीं ले पाते है। आप सभी ग्रामीणजनों से निवेदन है की सभी योजनाओं का लाभ लेवें। कार्यक्रम कि अध्यक्षता जैसारो कोर्राम सरपंच ग्राम पंचायत मुंगवाल ने किया।

**ये रहे उपस्थित-** विशेष अतिथि निर्मला कावड़े उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर, ममता ठाकुर, मधु तेता भोड़िया, बिनेश कुमार गोटी, कुड़ाल सरपंच, पूर्व जनपद सदस्य रामबाई गोटा, गीतूराम दर्रो, बीरेंद्र मंडावी, बीरसाय उयके, उपसरपंच, वार्ड पंच सहित जनप्रतिनिधि रहे।

- यह अभियान आदिवासी सशक्तिकरण की नई दिशा : विकास तेता

online Booking:-www.tripuryatra.com
शिमला मनाली
9 दिन
14 अगस्त, 7 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 20 दिसंबर 2025
माल रोड, फागू, कुफरी, नालदेहरा, मशोबरा, रोहतांग दर्रे, काली बाड़ी मंदिर, जाखू मंदिर, माल रोड स्कैंडल प्वाइंट, लक्कड़ बाजार, वर्षों पुरानी तारा देवी मंदिर, देवताओं की घाटी कुल्लू मणिकरन
राशिः-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411